# 17 ऊष्मागतिकी

## आन्तरिक ऊर्जा

वस्तु के अणुओं की कुल ऊर्जा को आन्तरिक ऊर्जा कहते हैं।

निकाय की आन्तरिक ऊर्जा = आन्तरिक आणविक गतिज ऊर्जा + आन्तरिक स्थितिज ऊर्जा

आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन $dU = (U_2 - U_1) = nC_v dT$

आन्तरिक ऊर्जा केवल अवस्था का फलन होता है तथा इसका परिवर्तन पथ पर निर्भर नहीं करता है।

## ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम

निकाय को दी गई ऊष्मा बाह्य कार्य एवं उसकी आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन के लिये प्रयुक्त होती है।

$$\delta Q = dU + \delta W$$

## समआयतनी परिवर्तन (प्रक्रम)

आयतन नियत रहता है। अर्थात्,

$$dV = 0$$

$$\delta W = PdV = 0, \delta Q = dU = nC_v dT.$$

## समदाबी परिवर्तन (प्रक्रम)

दाब नियत रहता है, अर्थात्,

$$dP = 0$$

$$\delta Q = dU + \delta W = nC_v dT + PdV$$

## समतापी परिवर्तन (प्रक्रम)

ताप नियत रहता है अर्थात्,

$$dT = 0$$

$$dU = nC_v dT = 0, \delta Q = \delta W = PdV$$

## रूद्धोष्म परिवर्तन (प्रक्रम)

निकाय तथा वातावरण के मध्य ऊष्मा का आदान–प्रदान नहीं होता है। अर्थात्,

$$\delta Q = 0$$

$$\therefore 0 = dU + \delta W$$

या $$\delta W = -dU.$$

## मुक्त प्रसार

निर्वात् में प्रसार तथा कोई ऊष्मा विनिमय नहीं होता तथा बाह्य कार्य भी शून्य होता है।

$$\delta Q = 0, \delta W = 0 \therefore \quad dU = 0.$$

## गैसों के अवस्था समीकरण

$$\frac{PV}{T} = \text{नियतांक},$$

$$PV = RT \qquad \text{(एक मोल गैस के लिये)}$$

$$PV = nRT \qquad \text{(n-मोल गैस के लिये).}$$

समाआयतनी परिवर्तन : $V = \text{नियतांक}, \ \frac{P}{T} = \text{नियतांक}$

समदाबीय परिवर्तन : $P = \text{नियतांक}, \ \frac{V}{T} = \text{नियतांक}$

समतापीय परिवर्तन : $T = \text{नियतांक}, \ PV = \text{नियतांक}$

रूद्धोष्म परिवर्तन :

$$\text{एन्ट्रॉपी } S = \text{नियत तथा } \Delta Q = 0$$

$$PV^{\gamma} = \text{नियतांक}$$

$$TV^{\gamma-1} = \text{नियतांक}$$


$$P^{1-\gamma}T^{\gamma} = \text{नियतांक}$$

$$Pd^{1-\gamma} = \text{नियतांक}.$$

P–V वक्र की प्रवणता –

**समतापी प्रक्रम**

$$\frac{dP}{dV} = -\frac{P}{V}$$





**रूद्धोष्म प्रक्रम**

$$\frac{dP}{dV} = -\gamma \frac{P}{V}$$

## गैसों द्वारा किया गया कार्य

$$W = \int_{V_1}^{V_2} PdV$$





**समआयतनी परिवर्तन :** $W = 0$

**समदाबी परिवर्तन :** $W = P(V_2 - V_1)$


**समतापी परिवर्तन**

$$W_{iso} = nRT \log_e (V_2/V_1)$$
$$= nRT\ 2.303 \log_{10} (V_2/V_1)$$
$$= nRT \log_e (P_1/P_2)$$




**रूद्धोष्म परिवर्तन**

$$W_{ad} = \frac{P_1V_1 - P_2V_2}{\gamma - 1}$$
$$= \frac{nR}{(\gamma - 1)} (T_1 - T_2)$$




## गैसों के प्रत्यास्थता गुणांक

समतापीय प्रत्यास्थता $E_{समतापी} = P$

रूद्धोष्म प्रत्यास्थता $E_{रूद्धोष्म} = \gamma P$